पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

हमारी विद्युत दरें देश में न्यूनतम, हमारी विद्युत आपूर्ति देश में अधिकतम –श्री ए.के. शर्मा

लगातार सातवें वर्ष न्यूनतम बिजली दरों के साथ अधिकतम विद्युत आपूर्ति दे रहा उत्तर प्रदेश, ऊर्जा प्रबंधन में उत्तर प्रदेश ने रचा नया कीर्तिमान

32,673 मेगावाट आपूर्ति के साथ उत्तर प्रदेश ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

सौर ऊर्जा और ईवी चार्जिंग को मिलेगा बढ़ावा, सोलर आवर्स में 20 प्रतिशत टैरिफ छूट

पूर्व की सरकारों में जितनी बिजली तापीय क्षेत्र से बनती थी, उससे अधिक अब हम सौर ऊर्जा से उत्पादन कर रहे–ऊर्जा मंत्री

हमारे तापीय संयंत्रों की कार्य क्षमता 65 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हुई

मा. प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर उत्तर प्रदेश–श्री ए.के. शर्मा

लखनऊ : 03 जुलाई, 2026

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत दरें देश की सबसे न्यूनतम दरों में हैं, जबकि विद्युत आपूर्ति देश की सर्वाधिक एवं सबसे बेहतर श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक उपभोक्ता को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना है।उन्होंने बताया कि लगातार सातवें वर्ष भी प्रदेश में बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सभी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए देय टैरिफ को यथावत रखा गया है। यह निर्णय सरकार की जनकल्याणकारी सोच तथा गरीबों, किसानों, घरेलू एवं अन्य उपभोक्ताओं के हितों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

श्री शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने तथा दिन के समय उपलब्ध सस्ती सौर ऊर्जा के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित सोलर

आवर्स में 20 प्रतिशत टैरिफ छूट की व्यवस्था लागू की गई है। इससे न केवल ईवी चार्जिंग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में प्रतिदिन अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। प्रदेश ने 32,673 मेगावाट की अब तक की सर्वाधिक विद्युत मांग को सफलतापूर्वक पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय तापीय विद्युत उत्पादन मात्र 5,180 मेगावाट तक सीमित था, जबकि आज प्रदेश सौर ऊर्जा से ही इससे अधिक उत्पादन कर रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 4,000 मेगावाट क्षमता सोलर पार्कों से तथा लगभग 2,500 मेगावाट क्षमता प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से विकसित की जा रही है। इसके साथ ही मिर्जापुर एवं मेजा सहित विभिन्न क्षेत्रों में तापीय विद्युत परियोजनाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है तथा पुराने तापीय विद्युत संयंत्रों की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार किया गया है। पहले जहां ये संयंत्र लगभग 65 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर पर संचालित होते थे, वहीं अब उनकी कार्यक्षमता बढ़कर लगभग 85 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ये उपलब्धियां माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में और भी तेजी से आगे बढ़ेगा तथा देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करेगा।

सम्पर्क सूत्र– प्रवीण मालवीय

राघवेन्द्र / 05:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in